>

Title: Need to undertake construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana as per specified norms in district Chandauli, Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): मेरे संसदीय क्षेत्र चंदौली (लोक सभा) के जनपद चंदौली में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों के निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चल रहे हैं। जिन ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया गया है उनकी गुणवत्ता बिल्कुल घटिया स्तर की है, जिसके कारण सड़कें बहुत जल्द खराब हो जाती है। खराब सड़कों का पुनरूद्धार भी नहीं कराया जा रहा है। जबकि जनपद चंदौली (उ.प्र.) एक नक्सल प्रभावित क्षेत्र है जहां सभी आधारभूत संरचनाओं का विकास अति आवश्यक है। सड़कें नहीं होने से नक्सली गतिविधियों में लगातार वृद्धि हो रही है जिससे स्थानीय नागरिकों को सामान्य जीवनयापन करने में भी बाधा हो रही है। अतः भारत सरकार से मेरी मांग है कि उत्तर प्रदेश के जनपद चंदौली में ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने के लिए तथा नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु भारत सरकार विशेष राशि जारी करें ताकि पूरे जनपद में ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराकर स्थानीय नागरिकों को सामान्य जीवन यापन करने में मदद मिले साथ ही अभी तक जनपद चंदौली में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत कराए गए घटिया किस्म के निर्माण कार्य की भी जांच कराई जाए तथा क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनरूद्धार करने हेतु भी आदेश दिया जाए।